## खबर संक्षेप

### फैक्ट्री के शेड से गिरे युवक की इलाज के दौरान मौत

**कटनी।** बिलहरी चौकी के जलासुर गांव स्थित एक पत्थर पीसने वाली फैक्ट्री में शेड से गिरकर घायल हुए युवक को जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था, जहां पर उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद सोमवार को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। मामला दर्ज करते हुए प्रकरण की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि लखापतेरी निवासी राज पिता विश्वनाथ विश्वकर्मा 19 को रविवार को घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई है। लखापतेरी गांव के सरपंच कल्लूदास बैरागी ने बताया कि राज विश्वकर्मा जलासुर गांव स्थित पत्थर पीसने वाली कंपनी में काम करता था। शेड बनाने के दौरान रविवार शाम गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान राज विश्वकर्मा की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ग्रीष्मकालीन मूंग ,उडद उपार्जन कार्य होगा 31 तक

**कटनी।** उपार्जन नीति अनुसार औसत अच्छी गुणवत्ता के ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उडद का उपार्जन हेतु समर्थन मूल्य क्रमशरू रू 8558 रूपए-प्रति.क्विंटल र तथा 6950 रूपए प्रति क्विंटल निर्धारित है। उपार्जन की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक नियत की गई है एवं उपार्जन कार्य सप्ताह में 5 दिवस सोमवार से शुक्रवार प्रातः 8.00 बजे से सांय 8.00 बजे तक किया जायेगा। कृषक द्वारा उपज विक्रय हेतु स्लॉट बुकिंग उपार्जन के अंतिम 10 दिवस को छोडकर की जा सकेगी एवं स्लॉट की वैधता अवधि 07 कार्यदिवस होगी। ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत पात्र कृषकों के समर्थन मूल्य पर औषत अच्छी गुणवत्ता के ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द के उपार्जन हेतु निर्धारित उपार्जन केन्द्रों में किसान भाई अपनी उपज का विक्रय उपार्जन स्थल में जाकर कर सकतें है।

### जिले में अब तक 126.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में 1 जून से सोमवार 8 जुलाई 2024 तक जिले के तहसीलवार वर्षा मापी केन्द्र कटनी मे 128.2 मिलीमीटर, रीठी में 125.9, बड़वारा में 87.0 मिलीमीटर, बरही में 114.0 मिमी, विजयराघवगढ़ में 104.3 मिमी, बहोरीबंद मे124.4 मिलीमीटर स्लीमनाबाद में 136.8 मिलीमीटर, ढीमरखेड़ा 190.2 मिलीमीटर वर्षा वर्षामापी केन्द्र में दर्ज की गई है।

### आयुध निर्माणी के द्वार पर दिया गया धरना

**कटनी।** आयुध निर्माणी कटनी में कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर मजदूर संघ के पदाधिकारी एवं कर्मचारी सोमवार सुबह से निर्माणी मुख्य द्वार में धरने दिया।पूरे आवासीय क्षेत्र को ब्रिज निर्माण कर रहे ठेकेदार ने बंधक बना दिया है। मजदूर संघ अध्यक्ष शिव पाण्डेय ने बताया कि, निर्माणी प्रबंधन की निष्क्रियता और हठधर्मिता के कारण पूरा आवासीय क्षेत्र असुरक्षित तथा कीचड़ से भरा हुआ है। यहाँ तक कि, वहाँ रह रहे परिवारों के रास्ते दो महीने से बिना परिवर्तित मार्ग बनाये बंद कर दिये गये हैं। ब्रिज की मिट्टी सर्वत्र फैली है जिससे आने जाने वाले लोग गिर रहे हैं, बिजली टेलीफोन की तारें तोड़ दी गई है। महामंत्री नरेंद्र पटेल ने बताया कि, लालफ़ीताशाही के कारण समय पर उत्पादन के लिये कच्चा माल नहीं मिल पा रहा, कर्मचारियों के आवासों की मरम्मत नहीं हो रही है। आक्रोशित यूनियन पदाधिकारी बैठक की अध्यक्षता कर रहे कार्यकारी निदेशक से आपत्ति दर्ज कराते हुए तथा उक्त अधिकारी की टिप्पणी की निंदा करते हुए बैठक बीच में छोड़कर बाहर निकल गये। धरने में शिव पाण्डेय, नरेंद्र पटेल, सादिक अली, राकेश मिश्रा, विजय सिंह, देवेंद्र पाढ़ी, जितेंद्र सिंह, मनीष तिवारी, राजेश दुबे, संजय तिवारी, शरद धुर्वे, संजीव सिंह आदि मौजूद थे।

### जिला परियोजना समन्वयक ने प्लास्टर गिरने के मामले का बनवाया पंचनामा

# केवलारी के शासकीय स्कूल की छत का गिरा प्लास्टर, 5 बच्चे हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही



बरही तहसील के केवलारी गांव के प्राथमिक विद्यालय के एक कक्ष की छत का प्लास्टर गिरने से पढ़ रहे पांच बच्चे घायल हो गए। आनन फानन में स्कूल में ही पहले प्राथमिक उपचार किया गया और उसके बाद बरही के स्थानीय अस्पताल ले कर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उनका उपचार करके घर भेज दिया। सोमवार की सुबह हादसे के समय एक कक्ष में कक्षा पहली और दूसरी के 14 बच्चे पढ़ रहे थे। शिक्षकों ने बताया कि अचानक छत की प्लास्टर शीत के चलते गिरा जिसमें पढ़ाई का रही दिव्यांशी गोंड पिता राकेश सिंह गोंड उम्र 7 वर्ष, शुभी गोंड पिता रामदास गोंड 6 वर्ष, कविता गोंड पिता दिव्यनारायन सिंह 8 वर्ष, नैतिक सिंह क्षत्रिय पिता वीरेंद्र सिंह क्षत्रिय 8 वर्ष, यश सिंह पिता संदीप सिंह गोंड 7 वर्ष घायल हो गए।

मौके पर मौजूद शिक्षकों ने बच्चों का प्राथमिक उपचार किया और अधिकारियों को सूचना दी। कुछ बच्चों को बरही अस्पताल ले जाकर इलाज किया गया। जनशिक्षक ने बताया कि स्कूल की छत ख़राब होने की जानकारी कई बार वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई है। डीपीसी श्री डेहरिया स्वयं बरही अस्पताल पहुंचे और बच्चों के उपचार व्यवस्था का जायजा लिया।

#### प्रधानाध्यापक की लापरवाही

जिला परियोजना समन्वयक द्वारा सेहरा टोला स्कूल भवन की छत के प्लास्टर गिरने के मामले का पंचनामा बनवाया गया है। जिसमें डी पी सी के मुताबिक प्रथम दृष्टया प्रधानाध्यापक की लापरवाही का पता चला है। यह भी बताया गया है कि सभी छात्र पहले स्कूल भवन के मुख्य कक्ष में बैठते थे। लेकिन आज सोमवार को छात्रों को बरामदे में बैठाया गया और बरामदे के ही छत का प्लास्टर गिर गया। इससे छात्रों को मामूली चोट लगीं। जिला परियोजना समन्वयक ने बताया कि प्रधानाध्यापक को लापरवाही के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि सोमवार को विकासखंड बड़वारा के ग्राम केवलारी स्थित शासकीय प्राथमिक शाला भवन सेहरा टोला स्कूल भवन की छत की प्लास्टर की परत गिरने से चार बच्चों को हल्की चोट आई है। सभी घायल बच्चों को बरही शासकीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बच्चों को घर भेज दिया था। जिला परियोजना समन्वयक के.के. डेहरिया ने बताया कि इस घटना में कक्षा पहली की छात्रा शुभि और कक्षा दूसरी के छात्र यश, दिव्यांशी और कविता को मामूली चोटें आईं थी। डीपीसी श्री डेहरिया स्वयं बरही अस्पताल पहुंचे और बच्चों के उपचार व्यवस्था का जायजा लिया।



# देशी कट्टा लेकर घूम रहे बदमाश को धर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्लीमनाबाद पुलिस ने देसी कट्टा लेकर घूम रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अखिलेश दहिया ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन में अति पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डहरिया, एसडीओपी अखिलेश गौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश दहिया व उनकी टीम द्वारा 07 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम देवरी लखनवाड़ा मोड़ के पास एक व्यक्ति एक देसी कट्टा लिए कोई गंभीर घटना घटित करने के उद्देश्य से घूम रहा है। सूचना पर टीम बनाकर मूखबीर के बताएं स्थान पर दबिश दी गई। इस दौरान एक व्यक्ति भगाने का प्रयास किया जिसे हम रही स्टाफ की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपी छोटू उर्फ़ सूरज बर्मन पिता अघनु बर्मन उम्र 32 साल निवासी ग्राम तेवरी के दाहिने हाथ में एक लोहे का देसी पिस्टल लंबाई 18.5 cm रखे मिला। अवैध हथियार को जप्त करते हुए आरोपी के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

उक्त कार्यवाही में निरीक्षक अखलेश दाहिया, सउनि केशव दुबे, प्रआऱ अंजनी मिश्रा, आऱ दुर्गेश की सराहनीय भूमिका रही।

### निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग

# अवैध कब्जे के विरोध में रैली, नदियों का सीमांकन कराकर कब्जा हटाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नदियों पर किये जा रहे कब्जे के विरोध में भारतीय मजदूर संघ द्वारा जन आंदोलन के रूप में रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि भू माफियाओं द्वारा नदियों के आसपास कब्जा किया जा रहा है लेकिन प्रशासनिक अधिकारी कुछ नहीं कर रहे हैं जिससे नदियों व तालाबों का अस्तित्व धीरे धीरे समाप्त हो रहा है। प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के लिए आम जनता को सडक पर उतरना पड़ रहा है। यह प्रशासन की कार्य शैली पर बहुत बड़ा प्रश्नचिह है। शहर से होकर गुजरने वाली नदियों पर भू-माफियाओं ने कब्जा कर रखा है, जिसके कारण इन नदियों का अस्तित्व आज खतरे में नजर आ रहा है और जिला प्रशासन चुप्पी साधे हुए है. जो चिंतनीय है। शहर में कुओं/बावली, तालाब पहले ही खत्म हो चुके है। जल स्तर बनाये रखने के लिए नदियों ही एकमात्र विकल्प बची हुई है, जो कि आज भूमाफियाओं के कब्जे में हैं और इनके द्वारा सभी नदियों के तटों पर कब्जा किया जा चुका है। नदियों में पानी न होने के कारण आज स्थिति इतनी विकट हो चुकी है कि शहर का भू-जल बहुत नीचे जा चुका है और अधिकाँश वार्डों में पानी की किल्लत वर्षभर देखने को मिलती है। शहर की नदियों का सीमांकन कर, तटों को कब्जा मुक्त कराने की कार्य किया जाए। ज्ञापन के माध्यम से रपटा नदी (जलंगार नदी), बाबा घाट गुंडा घाट, माई नदी (सिमरार नदी) दुगाड़ी नाला (निवार नदी) कटनी नदी के तटों को कब्जा मुक्त कराने तथा पौधारोपण कराने की मांग की गई है जिससे शहर के वातावरण में भी सुधार होगा और सुंदरता भी बढ़ेगी।

## महापौर ने सड़क निर्माण कार्य का लिया जायजा



महापौर प्रीति संजीव सूरी ने नगर निगम सीमांतर्गत विवेकानंद वार्ड का निरीक्षण करने पहुँची। उक्त निरीक्षण में सर्वप्रथम महापौर सूरी द्वारा सी सी रोड निर्माण कार्य पर्ण होने पर स्वयं भौतिक निरीक्षण कर रोड की गुणवत्ता की जाँच करते हुए, स्थानीय लोगो से किए हुए विकास के वादे को पूरा किया। इसके उपरांत अन्य गलियों में भ्रमण में सीवरेज कार्य के दौरान मिट्टी को रोड में छोड़ देने से वर्षा के बाद अत्यधिक कीचड़ की स्थिति को देख महापौर द्वारा सीवरेज कंपनी के अधिकारियों को नाराज़गी व्यक्त करते हुए जहां भी सीवर कार्य कराया जा रहा है उक्त स्थल से मिट्टी तत्काल हटाये जाने के निर्देश दिये।



# कलेक्टर की अध्यक्षता में औद्योगिक संगठन, उद्योग संघ की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जबलपुर के नेताजी सुभाष चन्द्र बोस कल्चरल एण्ड इनफारमेसन सेन्टर में 20 जुलाई को आयोजित हो रही रीजनल कान्क्लेव 2024 में कटनी जिले के अधिक से अधिक उद्योग पतियों को शामिल होने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करते हुए अपना पंजीयन कराने का आग्रह किया गया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित औद्योगिक संगठनो, उद्योग संघों और उद्योगपतियों की बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर श्री प्रसाद ने औद्योगिक संगठनो और उद्योगपतियों से आग्रह किया कि कान्क्लेव से संबंधित अपने विचार और सुझाव लिखित महाप्रबंधक उद्योग को देवें।

### उमरियापान में भगवान जगन्नाथ की निकली रथयात्रा

# भगवान की जीवंत झांकी रही आकर्षक का केन्द्र, बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीय तिथि पर सामूहिक वैश्य समाज के द्वारा उमरियापान में श्री जगन्नाथ भगवान की रथयात्रा निकाली गई। मचखण्डा मोहल्ला स्थित जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ स्वामी, भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा का विधि विधान से पूजन अर्चन किया गया।भगवान से क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की। भक्तों ने जय जय जगन्नाथ और जगन्नााथ के भात को जगत पसारे हाथ का उद्घोष किया।पूजन उपरांत मंदिर से रथयात्रा निकाली गई जो प्रमुख मार्गों का भ्रमण कर बड़ी माई मंदिर और हनुमान मंदिर होकर डोली मोहल्ला स्थित जगदीश स्वामी मंदिर पहुचीं।जहां भगवान की भव्य आगवानी की गई। भगवान का विशेष पूजन एवं आरती की गई। प्रसाद वितरण के बाद समापन हुआ। रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की झांकी के अलावा भगवान भोलेनाथ-पार्वती और हनुमान जी की झांकी भी शामिल रही।बारिश की बौछारों में भी श्रद्धालु डीजे साउंड की धुन में नृत्य करते हुए चल रहे थे। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

### ढीमरखेड़ा के शिक्षा विभाग में जनसुनवाई आज

**ढीमरखेड़ा।** विकासखंड शिक्षा केन्द्र ढीमरखेड़ा में मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन किया गया है।

बीईओ संयुक्ता उइके ने बताया कि शिक्षा विभाग से जुड़ी समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जा रही है। जनसुनवाई में बच्चे, अभिभावकों या संस्थानों से जुड़े व्यक्ति शिक्षा विभाग से संबंधित शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

### कलेक्टर ने कहा- सीएम मॉनिट की शिकायतों का करें त्वरित निराकरण

# समय सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सोमवार को आयोजित समय - सीमा की बैठक के दौरान कलेक्टर अवि प्रसाद ने शासकीय योजनाओं एवं कार्यो सहित सीएम मानिट की लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए नगर निगम, समान्य शाखा, एसडीएम विजयराघवगढ़,नजूल तहसीलदार ग्रामीण सहित अन्य अधिकारयों को प्राथमिकता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री प्रसाद ने विद्यार्थियों के खातों में प्रेषित की जानें वाली लबित गणवेश की राशि को छात्रों के खातों मे शीध्र प्रेषित करनें के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। बैठक में कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा अधिकारियों को शासन के निर्देशानुसार कार्यालय प्रातः 10 बजे अनिवार्यतः खुलवानें एवं अधिकारियों कर्मचारियों को निर्धारित समय प्रातः 10 बजे से उपस्थित रहनें के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जनपद पंचायतों के सीईओ को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पौधारोपण जैसे कॉलेज, छात्रावास, स्कूल, सी एम राइज स्कूल बिल्डिंग परिसर सहित अन्य कार्यालय जिनमे बाउन्ड्रीवाल की उपलब्धता हो को चिन्हित कर पौधारोपण कराने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने अधिकारियों को पौधारोपण के बाद वायुदूत अंकुर मोबाइल एप पर फोटो अपलोड करने हेतु लोगों को प्रेरित करने की बात कही। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा ऑनलाईन व्ही सी के माध्यम से अंकुर एप के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया।

#### नदी सफाई कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र से किया गया सम्मानित

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा समय -सीमा की बैठक में माई नदी की सफाई कार्य मे निगम प्रशासन द्वारा उत्कृष्ट कार्य किये जाने पर नगर निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल सहित, प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, उपयंत्री प्रफुल्ल श्रीवास्तव,रिटायर्ड वाहन सुपरवाईज अरविंद प्यासी, प्रभारी समयपाल कामता पांण्डे, सहित वीरेन्द्र देववंशी मेट को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

#### वर्षाकाल के दौरान गौवंश न करें सडक में विचरण

वर्षाकाल के दौरान गौवंश सडक मे विचरण न करें इस हेतु जनपद पंचायतों द्वारा किये गए प्रयासों की जानकारी लेते हुए समूहों के माध्यम से खाली स्थल का चयन करते हुए तिरपाल, पेयजल एवं भूसे आदि की व्यवस्था करनें तथा वेटनरी की बंद 5 गौशालाओं की मरम्मत कराते हुए उन्हे भी प्रारंभ करनें के निर्देश पंचायत और वेटनरी विभाग को दिए।

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जनपद पंचायतों के सीईओ को ग्रामीण अंचलों स्थित शासकीय संस्थानों को आप्टिकल फाइवर केबल से जोडनें की कार्यवाही हेतु नियमानुसार कार्यवाही करने, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को शासकीय रेस्ट हाउस का निरीक्षण करते हुए उनकी कमियों को दूर करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा पिपरौंघ स्लीमनाबाद तथा छपरा की राष्ट्रीय राजमार्ग से लगी शराब दुकानों हेतु ग्रामीणों द्वारा किये जा रहे विरोध को दृष्टिगत रखते हुए जिला आबकारी अधिकारी को दुकान को अन्यंत्र ऐसे स्थल में शिफ्ट करानें के निर्देश दिए गए जहां ग्रामीणों का विरोघ न हो। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा उच्च न्यायालय में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों, राजस्व विभाग के अवमानना के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की जाकर उनमें जवाबदावा प्रस्तुत करने सहित अवमानना प्रकरणों की समीक्षा की जाकर माईनिंग विभाग को लंबित प्रकरणों पर जवाबदावा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत, अपर कलेक्टर साधना परस्ते, सयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा, डिप्टी कलेक्टर द्वय प्रमोद चतुर्वेदी, विवेक गुप्ता सहित एस.डी.एम विजयराघवगढ़, बहोरीबंद एवं ढीमरखेड़ा मौजूद रहे।

# शिविर में विद्युत शिकायतों किया जा रहा निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कार्यपालन अभियंता राजीव चतुर्वेदी ने बताया कि संभाग के अंतर्गत सभी वितरण केंद्रों के मुख्यालय पर तिथिवार विद्युत शिकायत निवारण शिविरो का आयोजन किया जा रहा है। आयोजित शिविर में उपभोक्ता अपने विधुत से सम्बंधित सभी प्रकार की शिकायतों का निराकरण करवा सकते है, उक्त शिविर प्रातः 11 बजे से 03 बजे तक ग्राम पंचायतो/ वितरण केन्द्र कार्यालय में आयोजित होंगे। आयोजित होने वाले तिथिवार विद्युत शिकायत निवारण शिविर के तहत वितरण केंद्र बसाडी मुख्यालय में 13 जुलाई, कांटी मुख्यालय में 11 जुलाई मझगंवा मुख्यालय में 9 जुलाई को शिविर आयोजित किया जायेगा।

इसी तरह वितरण केंद्र खलवारा बाजार कैमोर के अंतर्गत झुकेही में 10 जुलाई मेहगंवा में, 12 जुलाई, नदावन में 10 जुलाई को शिविर आयोजित किया जायेगा। इसी प्राकर बडखेडा में 8 जुलाई , भनपुरा में 12 जुलाई, शाहपुरा में 10 जुलाई को शिविर आयोजित किया जायेगा।

वितरण केंद्र बरही के अंतर्गत बरही मुख्यालय में 10 जुलाई, करौंदी खुर्द मुख्यालय में 12 जुलाई, सलैया मुख्यालय में 14 जुलाई बकलेहटा में 12 जुलाई, खमरिया में 10 जुलाई तथा वितरण केंद्र कन्हवारा के अंतर्गत कन्हवारा में 10 जुलाई देवराकला मुख्यालय में 12 जुलाई वितरण केंद्र सिंगोडी के अंतर्गत सिंगोडी मुख्यालय में 13 जुलाई पिपरियाकलाँ मुख्यालय में 14 जुलाई को शिविर आयोजित किया जायेगा।

**खबर संक्षेप**



### कलेक्टर ने अधिकारी और कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

**कटनी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रदेश में जल स्त्रोतों तथ नदी, तालाबों, कुआं, बावड़ी तथा अन्य जल स्त्रोतो के जल संरक्षण एवं पुर्नजीवन के लिये विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर 5 जून से 16 जून तक विशेष अभियान संचालित किया गया। उक्त अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के सभी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावित होने वाले नदियाँ और उनमें मिलने वाली सहायक नदियॉं एवं जल संरचनाओं के पुनर्जीवीकरण किया जाना था। शासन के निर्देशों के परिपालन में ज़िला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा सामाजिक संस्थाओं एवं जनसहयोग से इस अभियान में अपनी अहम भूमिका निभाते हुए कटनी के कई जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन हेतु कार्य किया गया जिसका एक प्रमुख उदाहरण माई नदी पुनर्जीवन कार्य रहा। ज़िला कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा 8 जुलाई को उक्त अभियान के दौरान उत्कृष्ट कार्य हेतु नगर निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल, प्र कार्यपालन यंत्री केपी शर्मा, सुधीर मिश्रा, उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त वाहन सुपरवाइज़र अरविंद कुमार प्यासी, प्र समयपाल कामता प्रसाद पांडेय, मेट वीरेंद्र देववंशी अधिकारी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### किसानों को अनुदान के लिये ई-रूपी योजना

**कटनी।** राज्य शासन द्वारा किसानों को तत्काल अनुदान का लाभ देने के लिये किसान कल्याण विभाग अंतर्गत ई-रूपी योजना शुरू की गई है। जिसमें कृषक भाई अपने मोबाइल में किसान ऐप डाउनलोड कर उसमे अपना पंजीयन कराकर राष्ट्रीय खाद्य एवं पोषण सुरक्षा मिशन, नेशनल मिशन ऑन इडिबल ऑयल (राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन तिलहन) अंतर्गत आई.एन.एम, आई.पी.एम घटक अंतर्गत दो हेक्टेयर तक कीटनाशक दवाई ले सकते है, जिस पर 1000 रुपये का अनुदान तत्काल ई-रूपी में प्राप्त होगा। योजना में किसान भाई के द्वारा ऐप में पंजीयन के बाद मोबाइल पर क्यूआर कोड का एसएमएस प्राप्त होगा। कृषक भाई उस क्यूआर कोड को ऐसे आदान विक्रेता जिन्होंने बैंक ऑफ महाराष्ट्र में खाता खुलवाया है के यहां जा कर अपनी कीटनाशकों की औषधि प्राप्त कर सकते हैं। आदान विक्रेता को अपने जिले की किसी भी बैंक ऑफ महाराष्ट्र में खाता खुलवाना आवश्यक है। खाता खुलवाने के लिये संस्था का रजिस्ट्रेशन, पेन कार्ड, संस्था का आधार नंबर (कोई भी एक), आधार कार्ड, प्रोपराइटर, पार्टनर पेन कार्ड प्रोपाइटर, पार्टनर, दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ आवश्यक है। जिले के समस्त आदान विक्रेताओं से बैंक में खाता खुलवाने एवं किसान भाइयों से अपने एंड्राइड मोबाइल में एमपी किसान ऐप डाउनलोड कर उसमें अपना पंजीयन कर योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की है।

### बेरोजगारों को स्वरोजगार के लिए मिलेगा ऋण

**कटनी।** जिले के अनुसूचित जाति वर्ग के बेरोजगार सदस्यों के लिए स्वरोजगार के नए अवसर के लिए संत रविदास स्वरोजगार योजना एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना संचालित की है। संत रविदास स्वरोजगार योजना के अंतर्गत एक लाख से 50 लाख रुपये तक की उद्योग परियोजना में एग्रो प्रोसेसिंग, फूड प्रोसेसिंग कोल्ड स्टोरेज, मिल्क प्रोसेसिंग और एक लाख से 25 लाख तक सेवा इकाई एवं खुदरा व्यवसाय में ब्यूटी पार्लर, वाहन मरम्मत, फुटवेयर मरम्मत, किराना व्यवसाय, कपड़ा व्यवसाय आदि शामिल है। आवेदक की आयु 18 से 45 वर्ष, आवेदक आयकर दाता न हो और वह पूर्व से शासकीय योजना का लाभ प्राप्त न किया हो। ब्याज अनुदान अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित, शेष ऋण पर 5 प्रतिशत की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 7 वर्षो तक नियमित रूप से ऋण भुगतान की शर्त पर दिया जायेगा एवं मप्र शासन द्वारा गारंटी फीस देय होगी।

कंट्रोल रूम में सूचना मिलने के बाद सक्रिय हुए पुलिस, अमराडांड में हादसे का शिकार हुए तस्कर

# लग्जरी कार में हथियार लेकर घूम रहे तस्करों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, 10 किलो गांजा भी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

चारपहिया वाहन में हथियार और गांजा की खेप लेकर घूम रहे तस्कर हादसे का शिकार हो गये। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जब घायलों के पास पहुंची और तलाशी ली तो उनके पास से दो पिस्टल व कारतूस सहित वाहन में गांजा बरामद किया गया। बताया जाता है कि गत रात कंट्रोल रूम को यह सूचना मिली कि एक पीले रंग की लग्जरी कार संदिग्ध अवस्था में शहर के इर्द-गिर्द घूम रही है। सूचना मिलते ही सभी थाने अलर्ट हो गए और कार की तलाश में जुट गए। कुठला पुलिस ने कार की तलाश करते हुए पीले रंग की लग्जरी संदिग्ध कार को थाना क्षेत्र के अमराडार रोड पर सड़क किनारे दुर्घटना ग्रस्त हालत में बरामद किया। जिस समय पुलिस कार के पास पहुंची उस समय घायल अवस्था में कार के पास एक व्यक्ति पड़ा था। जिसके पास ही एक देसी पिस्टल पड़ी हुई थी। इसके



अलावा एक अन्य व्यक्ति भी मौजूद था, जब उसकी तलाशी ली गई तो उसकी पिछली जेब में भी एक देशी पिस्टल और कारतूस बरामद हुए।

घायलों के पास देसी पिस्टल मिलने से पुलिस हैरान रह गई। आनन फानन में कार की तलाशी ली गई तो कार में गांजे की खेप रखी हुई थी। पुलिस ने तत्काल मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और अग्रिम कार्यवाही प्रारंभ कर दी।

### अमराडांड में हादसे का शिकार

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे एवं एनकेजे थाना प्रभारी नीरज दुबे ने 8 जुलाई की रात पुलिस स्टाफ को लेकर कार की तलाश शुरू की। तलाशी के दौरान सूचना मिली कि एक संदिग्ध पीले रंग की कार पन्ना रोड में गई है। कुठला थाना प्रभारी पुलिस टीम को लेकर पन्ना रोड में जैसे ही अमराडार रोड पहुंचे, वहां पर रोड के नीचे एक पीले रंग की लग्जरी कार दुर्घटनाग्रस्त हालत में पड़ी हुई दिखी। पुलिस टीम ने जब पास जाकर कार को चेक किया तो रोड के नीचे कार के सामने दो व्यक्ति दुर्घटनाग्रस्त हालत में पड़े हुए थे। उनके पास में ही एक देशी पिस्टल जमीन पर पड़ा था। वाहन क्षतिग्रस्त स्थिति में था। लग्जरी कार की तलाशी लेने पर पीछे डिग्गी में एक प्लास्टिक की बोरी रखी थी, जिसे खोलकर देखा गया तो उसमें मादक पदार्थ गांजा रखा हुआ था। उक्त दोनों संदिग्ध व्यक्तियों से उनका नाम पता पूछने पर प्रथम उर्फ अमन राठौर पिता भगवान सिंह राठौड़ 23 वर्ष निवासी मेन मार्केट आदर्श चौक शिव मंदिर के सामने एनकेजे कटनी एवं दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम मनीष जायसवाल उर्फ यादव पिता मोहनलाल जायसवाल 44 वर्ष निवासी ग्राम जरवाही चौकी निवार थाना माधव नगर का होना बताया। पुलिस ने जब दोनों घायल तस्करों की तलाशी ली तो उनके पास से दो 32 बोर के देशी पिस्टल और 32 बोर की तीन जिंदा कारतूस मिली। तलाशी के दौरान कारखेड़ी किस लगभग 10 किलो गांजा बरामद किया गया।

### कार्यवाही में ये रहे शामिल

तस्करों को पकड़ने में मुख्य रूप से कार्यवाहक निरीक्षक अभिषेक चौबे थाना प्रभारी कुठला, थाना प्रभारी एनकेजे उप निरीक्षक नीरज दुबे, कुठला थाने से उप निरीक्षक विनोद सिंह, सहायक उप निरीक्षक मनसुख लाल साहू, प्रधान आरक्षक सुनील पांडे, नंदकिशोर, आरक्षक सत्येंद्र सिंह, एवं थाना एनकेजे से सहायक उप निरीक्षक विनोद पांडे, प्रधान आरक्षक शैलेश दमोहिया, प्रधान आरक्षक प्रशांत विश्वकर्मा, साइबर सेल आरक्षण रविंद्र दुबे, रविंद्र उईके एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने उक्त पुलिस टीम को नगद इनाम से पुरस्कृत करने की घोषणा की है।



### छात्र छात्राओं को दी जाए बेहतर व्यवस्था

**बरही।** शासकीय महाविद्यालय बरही में लैब की व्यवस्था न होने से छात्र छात्राओं को भरी समस्या होती है। अलुमिनाई एसोसिएशन ने प्राचार्य/सचिव शासकीय महाविद्यालय बरही को पत्र के माध्यम से महाविद्यालय भवन के ऊपर 2 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण जनभागीदारी मद से कराकर बच्चो को शीघ्र बेहतर सुविधा देने का आग्रह किया है। गैरतलब है की शासकीय महाविद्यालय बरही में लगभग 3500 छात्र छात्राएं अध्यनरत हैं जिसमे सांइस और बायो में लगभग 1000 बच्चे अध्यन कार्य करते हैं जिनको महाविद्यालय में लैब न होने के कारण बेहतर सुविधा नही दे पा रहा है अगर जनभागदारी मद से 2 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कराकर उनको लैब बना दिया जाए तो एक बेहतर और गुणवत्ता पूर्ण लैब महाविद्यालय के पास होगी कमरों के निर्माण से बच्चो को बेहतर सुविधा प्राप्त हो सकेगी। अलुमिनाई समिति ने जनभागीदारी अध्यक्ष का भी इस ओर ध्यान आकर्षण कराया है।

*वीडियो पीपीटी के माध्यम से प्रभावों की बताई जानकारी*

# सेमिनार में एनीमिया के दुष्प्रभाव से बचने स्काउट छात्रों को दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत स्काउट गाइड मध्य प्रदेश जिला संघ कटनी के तत्वावधान में भारत स्काउट एवं गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय राज्य मुख्यालय एवं यूनिसेफ के संयुक्त रूप से कलेक्टर अवि प्रसाद के सफल मार्गदर्शन में जिला स्तर पर क्लैप प्रोजेक्ट के अंतर्गत एनीमिया हैंड वॉश एवं हीट वेव तथा एनीमिया के दुष्प्रभाव से बचने के लिए और हाथ धोने के महत्व को जानने के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला कमिश्नर स्काउट पी पी सिंह ने बताया कि इसमें 150 स्काउट गाइड छात्र- छात्राओं ने भाग लिया ।।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न वीडियो पीपीटी के माध्यम से छात्र स्काउट गाइड छात्राओं को बताया गया कि एनीमिया का हमारे जीवन में क्या प्रभाव होता है। साथ ही हीट वेव से किस प्रकार बचाव किया जा सकता है और हाथ धोने का क्या महत्व है। इन सभी के बारे में विस्तार पूर्वक कुशल प्रशिक्षकों द्वारा बताया गया कार्यक्रम का सफल आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधव नगर कटनी में किया गया तथा कार्यक्रम का सफल संचालन जिला संगठन आयुक्त स्काउट ललित कुमार मिश्रा द्वारा किया गया ।सहयोगी के रूप में कुमारी रिया कनौजिया रेंजर स्काउट मास्टर अशोक उरमालिया सहयोग प्राप्त इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य श्री एम किंडो उपस्थित रहे एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

### महापौर ने विकास कार्य का किया भूमिपूजन



महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा ईश्वरीपुरा वार्ड के दिलावर चौक में लगभग 8 लाख की लागत से बनने जा रही रोड एवं नाली कवरिंग निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर वार्ड के नागरिकों को विकास कार्य की सौगात देते हुए, सभी से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने एवं पौधों को संरक्षण देने हेतु अपने आस पास में जनजागरूकता लाने की अपील की गई। जिससे की विकास कार्यों के साथ साथ अपने आस –पास का वातावरण भी स्वच्छ एवं सुन्दर हो। इस दौरान स्थानीय पार्षद अजरा शाहीन, एमआईसी सदस्य सुभाष साहू, पार्षद शकुंतला सोनी, सीमा श्रीवास्तव, उपयंत्री शैलेंद्र प्यासी, ठेकेदार नाज़ू भाई एवं अन्य स्थानीय जनों की उपस्थिति रही।

# विशेष अभियान के दौरान पहले ही दिन 103 नामांतरण प्रकरणों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नामांतरण प्रकरणों के निपटारे के लिए संचालित विशेष अभियान के पहले ही दिन रिकार्ड 103 नामांतरण प्रकरणों का निपटारा किया गया। कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले में संचालित इस विशेष अभियान के दौरान रिकॉर्ड 4 हजार 980 सीमांकन प्रकरणों का निपटारा किया जा चुका है। अधीक्षक भू-अभिलेख डॉ राकेश कुमार द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक सोमवार को स्लीमनाबाद तहसील में 20, विजयराघवगढ़ तहसील में 18 नामांतरण प्रकरणों का निपटारा किया गया। इसी प्रकार रीठी, बडवारा और कटनी में 15-15 नामांतरण और बरही में 5 नामांतरण प्रकरणों का निपटारा किया गया। बताते चलें कि कलेक्टर ने नामांतरण प्रकरणों के निराकरण के विशेष अभियान के तहत नामांतरण प्रकरणों के निपटारे हेतु नायब तहसीलदारों को प्रतिदिन नामांतरण के कम से कम पांच और तहसीलदार को 10 प्रकरणों के निराकरण का लक्ष्य दिया है।

### जल्दी शुरू होगा लखापतेरी के सर्विस रोड का निर्माण कार्य

**कटनी।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 में बने अंडरपास ओवर ब्रिज के पूर्व दिशा मे अधूरी पड़ी सर्विस रोड का निर्माण कार्य कराये जाने के संबंध मे ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर अवि प्रसाद को दिए गए ज्ञापन के बाद कलेक्टर के निर्देश पर अधूरी पड़ी सर्विस रोड का निर्माण कार्य जल्द कराये जाने की बात परियोजना निर्देशक भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण आनंद प्रसाद द्वारा दी गई है। परियोजना निर्देशक श्री प्रसाद द्वारा ग्राम लखापतेरी मे अधूरी पड़ी सर्विस रोड के निर्माण के संबंध मे अवगत कराया गया है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर द्वारा छूटे हुए सर्विस रोड के कार्य को कराये जाने हेतु ई- निविदा के माध्यम से नवीन ठेकेदार की नियुक्ति की जाकर सर्विस रोडों का निर्माण कार्य प्रारंभ करा दिया गया है। लखापतेरी मे भी सर्विस रोड का निर्माण कार्य जल्दी प्रारंभ करने के निर्देश एजेंसी को दिए गए है। लेकिन वर्तमान मे वर्षा ऋतु की वजह से कार्य मे विलंब हो रहा है, जल्द ही नियुक्त एजेंसी द्वारा लखापतेरी के सर्विस रोड का निर्माण कार्य पूर्ण किया जायेगा।

*कलेक्टर के निर्देश पर सलाह देने पहुंचा राजस्व व पुलिस अमला*

# भुट्टा व्यापारियों को हाईवे किनारे दुकान नहीं लगाने की दी गई समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राष्ट्रीय राजमार्ग के तेवरी ग्राम में सडक के किनारे बड़ी संख्या में मक्का भुट्टा बेचने वालों के लगाये जा रहे दुकानों और यहां खड़े होने वाले वाहनों की बड़ी संख्या की वजह से संभावित दुघर्टना के मद्देनजर कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर सोमवार को राजस्व और पुलिस अधिकारियों का संयुक्त दल व्यापारियों को समझाईश देने पहुंचा।

कलेक्टर ने इस मामले पर स्वतः संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को भेजकर व्यापारियों को सलाह देने का निर्देश दिया था ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति या संभावित दुघर्टना को रोका जा सके। कलेक्टर श्री प्रसाद ने कहा कि जिले के हर व्यक्ति की जिंदगी अमूल्य है,जिन्दगी से बढ़कर कुछ



नही है। सड़क के किनारे हादसा होने की स्थिति पर भुट्टा व्यापारी और भुट्टा खाने के शौकीन क्रेता भी इसकी चपेट मे आ सकते हैं। इसलिए सावधानी व सर्तकता बेहद जरूरी है।

### दुष्प्रभावों की दी जानकारी

स्लीमनाबाद क्षेत्र के तेवरी ग्राम मे मुख्य राजमार्ग के दोनों तटों पर भुट्टे की दुकान लगानें वाले विक्रेताओं और व्यापारियों को सोमवार को एस.डी.एम बहोरीबंद राकेश चौरसिया के नेतृत्व में पहुंचे राजस्व और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने संभावित दुघर्टना के मद्देनजर भुट्टा दुकानदारों को सड़क के किनारे और सड़क से सटाकर दुकान लगाने के दुष्प्रभावो की जानकारी देते हुए समझाइश दी कि सभी भुट्टा विक्रेता एन एच अथारिटी द्वारा सड़क के किनारे की अधिग्रहित भू-क्षेत्र को छोड़कर दुकान लगाये।

तहसीलदार सारिका रावत ने बताया कि सोमवार को 50-60 भुट्टा विक्रेताओं को बताया गया कि आपकी दुकानों से भुट्टा खरीदने के लिए यहां से गुजरने वाले फोर व्हीलर और टू व्हीलर वाहन चालक भी ठहरते है, और देखा गया है कि प्रायः वाहनों की पार्किंग वे सड़क में ही कर देते है ,जिससे कि सड़क दुघर्टना की आशंका बनी रहती है।

व्यापारियों को समझाइश देने वाले दल में नगर निरीक्षक अखिलेश दाहिया और नायब तहसीलदार राजकुमार नामदेव सहित राजस्व और पुलिस बल का अमला मौजूद रहा।

उद्यानिकी एवं महिला बाल विकास प्रथम, कलेक्टर ने किया सम्मानित

# 5-एस पद्धति की कार्य संस्कृति अपनाने वाला कटनी प्रदेश का पहला जिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा आम जनता की सुविधा और कार्यालय मे वर्क कल्चर को बढ़ावा देने और फाईलों का व्यवस्थित संधारण सुनिश्चित करने के लिए 5 एस पद्धति पर 15 जून तक कार्यालयों की व्यवस्थाओं का सुदृढ़ीकरण करने हेतु 5-एस पद्धति की कार्य संस्कृति शासकीय कार्यालयों में लागू की जाकर इस पद्धति अनुरूप कार्यवाही करनें पर कार्यालयों को प्रोत्साहित करनें का निर्णय लिया गया था।

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा आज समय सीमा की बैठक के दौरान 5-एस पद्धति में मानक अनुरूप कार्यालय को व्यवस्थित कर रेंकिंग मे अच्छा प्रदर्शन करने वाले महिला एवं बाल विकास विभाग को 72 अंक प्राप्त करनें तथा उद्यानिकी विभाग को 70 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान अर्जित करने पर विभागीय अधिकारियों को प्रोत्साहन स्वरूप 25 हजार का चौक प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। जबकि द्वितीय स्थान पर पेंशन कार्यालय एवं जिला कोषालय द्वारा समान रूप से 68-68 अंक अर्जित करने पर 15 हजार रूपये की



पुरस्कार राशि तथा जिला शहरी एवं विकास अभिकरण तथा जिला संस्थागत वित्त कार्यालय द्वारा समान रूप से 65-65 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान अर्जित करने पर 10 हजार रूपये की पुरस्कार राशि के चौक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

संयुक्त कलेक्ट्रेट स्थित शासकीय कार्यालयों में कलेक्टर की पहल पर जो 5-एस कार्य पद्धति लागू की गई है वह एक प्रकार की जापानी कार्य संस्कृति का हिस्सा है। जो आईएसओ मानक की तर्ज पर ही शासकीय कार्यालयों मे कार्य करेगी। यह एक प्रकार से आईएसओ मानक से भी बेहतर और उच्च गुणवत्ता मापदंड पर आधारित है।

जिले में सरकारी कार्यालयों में कार्य की गुणवत्ता को बेहतर करने के लिए 5-एस पद्धति को लागू किया गया है। आम जनता को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के दृष्टिकोण से शासकीय कार्यालयों मे आईएसओ मानक की तर्ज पर ही काम करेगी। इसके लिए कलेक्टर अवि प्रसाद ने नोडल अधिकारी व कोर टीम तक गठित कर दी है। जो विशेष रूप से 5-एस मानक के अनुरूप शासकीय कार्यालयों में क्रियान्वयन, मार्गदर्शन व समय सीमा के अंदर काम को पूरा कराने की जिम्मेदारी संभालेगी, ताकि सरकारी कार्यालयों में अपने कार्य को लेकर पहुंचने वाले आम व्यक्ति को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

5-एस का मूल मंत्र शार्ट (छटनी), सेट इन आर्डर (क्रम में रखना), साइन (सूचीबद्ध या निशान लगाना), स्टैंडर्डाइज्ड (मानकीकरण) और सस्टेन (निरंतर) है। जिसके आधार पर कार्यालय के कार्य संस्कृति और कार्य पद्वति में जनोन्मुखी बदलाव किया गया है। इससे शाससीय विभाग में पहुंचने वाले लोगो के काम मे आसानी होगी।

### अनावश्यक भटकना नहीं पड़ेगा

किस विभाग में क्या काम होगा ? आसानी से पता चलेगा। फाइलों का व्यवस्थित संधारण होगा, इनके बेहतर रख-रखाव की वजह से फाईलों को ढूढ़ना नहीं पडेगा। फाइल गुमेंगी नही इस पद्धति से कार्यालय स्वच्छ व साफ सुथरा दिखेगा। विभागों में अनावश्यक फाइलों का दबाव नहीं रहेगा। कार्यालयीन वातावरण बेहतर बनेगा। वर्क कल्चर बढ़ेगा। अनावश्यक भटकना नहीं पड़ेगा। समय सीमा में उनके कार्य को पूरा किया जा सकेगा। कलेक्टर श्री अवि प्रसाद ने 5-एस पद्धति हेतु अपर कलेक्टर साधना परस्ते को नोडल अधिकारी बनाया गया था।

### आम लोगों को मिलेगी राहत

अपनी समस्याओं और शिकायतों निराकरण के लिए दूरदराज गांवों कलेक्ट्रेट आने वाले व्यक्ति को असुविधा न हो, इसके लिए विभागों के बाहर कर्मचारियों-अधिकारियों की नेम प्लेट, विभाग के क्रियाकलाप और आरटीआई का विवरण बोर्ड में लिखा है जो विभाग के बाहर ही लगा है। जिसे पढ़कर आम व्यक्ति आसानी से समझ सकता है कि संबंधित विभाग का प्रभारी कौन है? यहां क्या-क्या काम होंगे? जिससे लोगों को राहत मिलेगी।

# माताजी का ससंघ आगमन, श्रीजी का महामस्तिकाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

श्री 108 संत शिरोमणी आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की अज्ञानुवर्ती शिष्या आर्यिका रत्न श्री 105 भावनामती माता जी का संघ सहित नगर आवगमन हुआ इस अवसर पर बस स्टेण्ड से धर्मयात्रा प्रारंभ होकर चेतनोदय तीर्थ क्षेत्र मुनि सुव्रतनाथ जी जिनालय (गौशाला) मंदिर में पहुंचकर धर्मसभा के रूप में परिवर्तित होने के तत्पश्चात श्रीजी का महामस्तकाभिषेक समाजसेवी स.सि.उत्तमचंद जैन, अनुराग जैन, अनुज जैन राकेश जैन, श्रीमति रत्ना-सुनील कुमार खुरई, विमल जैन, अंकुर जैन, मनोज कुमार शुभम जैन, शशांक जैन-रीठी, अरविन्द्र कुमार जैन कोयला, प्रेमचंद श्रवण कुमार बघवार, सतीश चंद अर्पित कुमार, आशीष कुमार न्यू पिंच, सिद्धार्थ जैन, राजकुमार जैन, मुकेश जैन, सिद्धार्थ के साथ अनेक गणमान्य नागरिकों द्वारा किया गया। इस अवसर पर आर्यिका संघ के मांगलिक प्रवचन के पश्चात अहारचर्या के बाद उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं द्वारा गायों को गुड़, खिलाने के बाद समाजसेवी शरद सरावगी, सतीश सरावगी, मनीष सरावगी के परिवार द्वारा स्वपाहार का आयोजन सम्पन्न होने के पश्चात दोपहर में धर्मयात्रा चेतनोदय तीर्थक्षेत्र से प्रारंभ होकर आजाद चौक, शेर चौक, खैरमाई मंढ़यिा होते हुये श्री 1008 पार्श्वनाथ जैन पंचायती मंदिर में पहुंचकर धर्मसभा के रूप में परिवर्तित हुई कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी विजय कुमार विश्व, एवं पं. विकास शास्त्री द्वारा किया गया।

इस अवसर पर पंचायत महासभा के अध्यक्ष संजय जैन,मंत्री-डॉ. संदीप जैन, विन्नी जैन-पीयूष मनीष जैन-बण्डे, कोमलचंद जैन, मुकेश मोदी, प्रमोद जैन कक्का, मोनू जैन, शरत जैन, पींकू जैन, धीरज जैन-बंटी, अमित जैन कोयला के साथ महिला मण्डल की पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### अमानगंज थाना परिसर में किया गया वृक्षारोपण कार्यक्रम



**अमानगंज।** एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के उपलक्ष्य में थाना परिसर अमानगंज में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया वृक्षारोपण कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री कृष्णा साई एस थोटा , श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमति आरती सिंह , अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) श्री ग्लैडविन एडवर्ड कार , एवं थाना प्रभारी अमानगंज उपनिरीक्षक महेन्द्र सिंह सिंह भदौरिया एवं समस्त थाना स्टाफ द्वारा वृक्षारोपण किया गया जो थाना परिसर अमानगंज में लगभग 50 – 60 वृक्ष लगाये गये जिनमें फलदार वृक्ष आम, जामुन , सहतूत, अमरूद, आँवला एवं अन्य छांवदार वृक्ष लगाये गये हैं उक्त वृक्षों की देखरेख करने हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय पन्ना द्वारा थाना स्टाफ को निर्देषित किया गया है ।

### पन्ना टाइगर रिजर्व अन्तर्गत नर तेंदुए की मृत्यु

**पन्ना।** पन्ना टाइगर रिजर्व अन्तर्गत परिक्षेत्र महला में वन अमले के वन गश्त के दौरान परिक्षेत्र मडला के बीट मड़ला में कोसम पुलिया राष्ट्रीय राज्यमार्ग 39 के पास एक नर तेंदुआ मृत पाया गया। मौके पर डॉग स्क्वाड की मदद से क्षेत्र की छान-बीन की गई। प्रकरण में वन अमले के द्वारा अन्वेषण जारी है। उक्त तेंदुए का शव विच्छेदन डॉ. संजीव गुप्ता, वन्यप्राणी चिकित्सक द्वारा किया जाकर क्षेत्र संचालक, उप संचालक, तहसीलदार पन्ना, सहायक संचालक महला परिक्षेत्र अधिकारी मडला, वन्यजीव विशेषज्ञ एवं सरपंच महला व अन्य स्टाफ की उपस्थिति में शव विनिष्टीकरण की कार्यवाही की गई।

### रास्ता बंद होने के कारण कलेक्टर पन्ना से लगाई गुहार

**पन्ना।** आवेदक नरेन्द्र कुमतार लोधी निवासी सिली थाना गुनौर जिला पन्ना ने कलेक्टर महोदय पन्ना एवं एसडीएम महोदय गुनौर को आवेदन प्रस्तुत करते हुये निवेदन किया है कि अनावेदक बिहारी लाल लोधी पिता अशोक लोधी निवासी ग्ार्म सिली के द्वारा आवेदक नरेन्द्र कुमार लोधी के घर के सामने शासकीय गली में दो ट्राली पत्थर रखकर आम रास्ता बंद कर दिया है। मना करने पर गाली-गलौज एवं मारपीट की धमकी देते है आवेदक को घर से निकलने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। इसलिये परेशान होकर कलेक्टर महोदय को आवेदन प्रस्तुत करते हुये आम रास्ता खुलवाने हेतु अनावेदक से पत्थर हटवाये जाने की गुहार लगाई है। क्यों कि अनावेदक बिहारी लाल लोधी मुझसे रंजिसन हमेशा परेशान किया जा रहा है।

## नगर में पांचवीं चुनरी यात्रा में उमड़े मां के भक्त

# जय माता दी के उद्घोषों के साथ मां चंडी के दरबार में अर्पित की चुनरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



उपकाशी नगरी में आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष में गुप्त नवरात्रि की प्रतिपदा तृतीया सोमवार की शाम सर्वार्थ सिद्धि योग में देवश्री गौरीशंकर मंदिर से पांचवीं चुनरी यात्रा माता चंडी के दरबार में भक्ति भाव से गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। चुनरी यात्रा देवश्री गौरीशंकर मंदिर में भगवान भोलेनाथ के समक्ष मां की आराधना पूजन अर्चन कर शुभारंभ किया गया। 1100 मीटर लंबी चुनरी यात्रा में सर्व प्रथम महिलाओ एवं युवतियों द्वारा मंगल कलश के साथ चल रही थी वही बैण्ड बाजों एवं डीजे की धुन के साथ चुनरी यात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर हरदौल चौक मुख्य मार्ग गणेश मंदिर से होते हुए मां चंडी के दरबार पहुंची जहां मां जगत जननी माता चंडी जी को चुनरी चढ़ाई गयी। इस चुनरी यात्रा में सैकड़ो की संख्या में महिलाएं एवं पुरूषों की संख्या चुनरी यात्रा में शामिल रही।वहीं जिन मार्गो से चुनरी यात्रा निकालीं गयी वहां दोनों ओर चुनरी के दर्शन करने भक्तो की लंबी कतारें लगी रही।इस चुनरी यात्रा के पावन अवसर पर मां की भक्ति स्वरूप शामिल होकर पुण्य अर्जित किया वही इस यात्रा में छोटे-छोटे बच्चे युवतियां भी मां के जयकारे लगाकर चुनरी यात्रा के साथ चल रही थी। 4 बजे से प्रारंभ विशाल चुनरी यात्रा करीब एक घंटे के उपरांत मां चंडी के दरबार पहुंची जहां विधि-विधान से आचार्य पंडित रामसुजान पाठक पं.शषि दुबे पं.नीरज गोस्वामी द्वारा मां को चुनरी अर्पित की गई।चुनरी यात्रा के समापन पर भक्तो को प्रसाद वितरण किया गया। इस धार्मिक चुनरी यात्रा का आयोजन मां के भक्तो द्वारा किया गया जिससे देखने में लगता था कि नगर में चारों ओर धर्ममयी वातावरण से धर्म की गंगा प्रवाहित हो रही, वही पुलिस प्रशासन की ओर से इस यात्रा में जगह जगह सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

# सनकी शिक्षक की हरकत से बच्चे परेशान शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



माध्यमिक शाला इमलिया में पदस्थ एक सनकी शिक्षक की हरकतों से पढऩे वाले बच्चे,अभिभावक सहित ग्रामीण खासे परेशान है। उक्त शिक्षक को स्कूल से हटाने सरपंच प्रतिनिधि परसोत्तम यादव ग्रामीणों ने संकुल प्राचार्य बीईओ से शिकायत के बाद भी आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई हैं। जानकारी के अनुसार जबेरा विकासखंड की माध्यमिक शाला इमलिया मैं पदस्थ शिक्षक माधव साहू की उल्टे सीधे हरकतों के कारण विद्यालय में पढऩे वाले बच्चे व उनके अभिभावक सहित ग्रामीण काफी त्रस्त है। और बच्चों को पढ़ाने लिखाने के बजाय उल्टे सीधे हरकत करते रहते है विद्यालय की हालत देखी जाए तो कक्षाओं के भवन में कबाड़ की तरह पुस्तकें पड़ी हुई और उन्हीं कबाड़ में महापुरुषों की फोटो पड़ी हुई है विद्यालय भवन को खुला छोड़ दिया जाता है जिससे मवेशी रात्रि में रहते और सुबह गोबर करके चले जाते और बच्चो को गोबर के बीच बैठकर पढ़ाई करना पड़ती है और शिक्षक का मन करता तो स्कूल खोलकर बैठ जाते है और बच्चे पढ़ने के लिए स्कूल जाते है तो उन्हे स्कूल से भगा देते है की आज कोई पढ़ाई नहीं करना है घर जाओ कुछ ऐसा ही आज हुआ स्कूली बच्चों को शिक्षक ने स्कूल से भगा दिया और बच्चे जब घर पहुंचे और सरपंच प्रतिनिधि को इसकी जानकारी लगी तो स्कूल जाकर देखा तो स्कूल की हालत बद से बत्तर मिली बच्चो से जब सरपंच प्रतिनिधि ने बात की तो छात्र-छात्राओं का कहना था शिक्षक पढ़ाते नही और हम लोगों से अभद्रता करते ,, बच्चियों से काय री ,और बच्चों से काय, रे जैसी भाषा का उपयोग करते हैं सनकी शिक्षक की हरकतों से जहां एक ओर पढ़ाई प्रभावित होती है। वहीं दूसरी ओर बच्चो के मानसिकता पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। अभिभावकों द्वारा शिक्षक को उनकी इन हरकतों से बाज आने की समझाईस दी गई। लेकिन शिक्षक पर ग्रामीणों के समझाईस का कोई भी असर नही दिखा। इसलिए ग्राम पंचायत के लेटर पैड पर शिक्षकों की हरकत और अभद्र भाषा शैली की शिकायत संकुल प्राचार्य बम्होरी माला से करते हुए सरपंच प्रतिनिधि ने माध्यमिक शाला में पदक शिक्षक को हटाते हुए अन्यंत्र विद्यालय भेजने एवं इमलिया मध्य शाला में किसी अन्य शिक्षक को पदस्थ करने की मांग की है।

# बारिश में देखे गए प्रवासी पक्षी एवं गिद्धों के झुंड

**तेन्दूखेड़ा।** दमोह, सागर ,नरसिंहपुर प्रदेश के तीन जिले की सीमाओं में फैले हुए सबसे बड़े वीरागना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व वन्य अभ्यारण्य पहले ही अपने जैव विविधता को लेकर विश्व स्तर पर अपनी पहचान स्थापित कर चुका है। साथ ही पूर्व में बटर फ्लाई सर्वे में टाइगर रिजर्व में 50 प्रजातियों की तितलियां पाई गई थी उसके बाद अब टाइगर रिजर्व में मानसूनी मौसम में अब कई प्रकार के प्रवासी पक्षियों को देखा जा रहा है।



### अनेक प्रकार के प्रवासी पक्षी एवं गिद्ध रिजर्व में

टाइगर रिजर्व की रेंज सर्रा अंतर्गत में विस्थापित ग्राम -लगरा रैयत के चारागाह में प्रवासी पक्षीयों का डेरा इस समय बना हुआ है। यह प्रवासी पक्षी स्वतंत्र रूप से निवास बनाने की तैयारी में है। वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के अधिकारी इसे बहुत बड़ी कामयाबी मान रहे हैं। गेम परिक्षेत्र अधिकारी रेंज सर्रा रेंजर वरिंदर सिंह की कड़ी मेहनत से उनके वनक्षेत्र के विकास मैं चार चांद लग रहे हैं सर्रा वनक्षेत्र के अभ्यारण में जहां ऐसा पहली वार देखा गया । स्थानीय निवासी मानसींग यादव बताते हैं जब से वन सुरक्षा वन्यजीव पर ध्यान दिया गया तब से विचित्र वन्यजीव देखने को मिल रहें हैं एवं प्रवासी पक्षी के साथ गिद्ध भी दोस्ती बनाते देखें गयें टाइगर रिजर्व में प्रवासी पक्षियों की आमद शुरू हो गई है रिजर्व के अलग अलग क्षेत्रों में पोखरों के आसपास अनेक प्रकार के प्रवासी पक्षी गिद्ध देखे गए है।

## एकलव्य विश्वविद्यालय की एनसीसी इकाई द्वारा स्किल सेल थलासेमिआ से जागरूकता

# एनीमिया का उपचार संतुलित आहार : डॉ. अतुल कोंडल




**दमोह।** ग्यारह मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी सागर के निर्देशानुसार एकलव्य विश्वविद्यालय दमोह में 8 जुलाई 2024 को स्किल सेल थलासेमिआ जागरूकता के अवसर पर राष्ट्रीय कैडेट कोर द्वारा जागरूकता रैली निकालकर समाज को जागरूक किया गया। साथ ही स्किल सेल थलासेमिआ जागरूकता के तहत विश्वविद्यालय में व्याख्यान का भी आयोजन किया गया। यह आयोजन 11मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी सागर के निर्देशानुसार एकलव्य विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ. सुधा मलैया, प्रति कुलाधिपति श्रीमती पूजा मलैया, श्रीमती रति मलैया के कुशल नेतृत्व एवं कुलगुरू प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार जैन, कुलसचिव डॉ. प्रफुल्ल शर्मा के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर एकलव्य विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रोफ़ेसर डॉ. पवन कुमार जैन, कुलसचिव प्रोफेसर डॉ. प्रफुल्ल शर्मा, अधिष्ठाता अकादमिक डॉ. अर्चना पाठक, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शैलेन्द्र जैन, एनसीसी केयर टेकर अधिकारी डॉ. हृदय नारायण तिवारी के साथ ही विषय विशेषज्ञ के रूप में कमलेश सेन, डॉ. अतुल कोंडल, डॉ. महेश पटेल एवं श्रीमती ज्योति की उपस्थिति रही। सभी विषय विशेषज्ञों ने स्किल सेल थलासेमिआ के बारे में विस्तार से बताते हुए इसके लक्षण एवं उपचार को सहज तरीके से समझाया। साथ ही बताया गया कि सभी को संतुलित आहार आवश्यक है। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शैलेन्द्र जैन ने भी इसके जागरूकता हेतु सचेत किया। इसके बाद रैली निकालकर समाज को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में एनसीसी केयर टेकर अधिकारी डॉ. हृदय नारायण तिवारी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बताया कि एनसीसी इकाई अपने ध्येय वाक्य एकता और अनुशासन को साकार करने की दिशा में सतत प्रयासरत है। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स के साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, स्वयं सेविकाओं एवं विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

# रथयात्रा में ओडिसी नृत्य की प्रस्तुति ने किया मंत्रमुग्ध



**दमोह।** बालाकोट में निकाल रही भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा में एकलव्य विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक तपन कुमार साहू ने भगवान विष्णु पर आधारित दशावतार एवं ऊड़िया भक्ति भाव पर आधारित गीत ''आहे नीला शैला'' पर ओड़िसी नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्केन के महाराज ने यह नृत्य दृश्य को देखा एवं अपने अर्शीवचन प्रदान किये। इस यात्रा में 20 हजार से अधिक श्रद्धालुयों की उपस्थिति रही।

# तेंदूखेड़ा कन्या शाला में किया पौधारोपण



**तेन्दूखेड़ा।** सोमवार को तेन्दूखेड़ा नगर में प्रदेश के संस्कृति पर्यटन धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी तेंदूखेड़ा के एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला में पहुंच कर एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधों का रोपण किया राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा एक पेड़ मां के नाम रोपण कर उसकी रक्षा करने का संकल्प ले। उन्होंने कहा सतत जीवन शैली अपनाने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप पौधे का रोपण करें राज्यमंत्री ने सभी से आग्रह करते हुए कहा कि आप भी अपने शहर प्रदेश और देश को बेहतर बनाने में योगदान दें। अपनी मां के साथ मिलकर उनके सम्मान में एक पेड़ अवश्य लगाइए। यह आपकी तरफ से माँ को एक अनमोल उपहार होगा। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन रुपेश सेन मूरत सिंह लोधी सत्येंद्र सिंह लोधी सहित जनप्रतिनिधि क्षेत्रवासियों छात्र. छात्राएं शिक्षकगण की उपस्थिति रही।

# धुआंधार बारिश से तरबतर हुआ नगर



**तेंदूखेड़ा।** नगर में सोमवार की शाम 5:30 बजे से तेज गरज बादलों की गड़गड़ाहट के साथ तेज बारिश ने जनजीवन अस्त व्यक्त कर दिया बारिश इतनी तेज थी कि कई दुकानों कई मकान में पानी भर गया नगर में यह बरसात की पहली बारिश है जो इतनी तेज हुई है बारिश की वजह से नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बह गया जिससे लोगों को बदबू का काफी एहसास हुआ वही मंडी में चल रही मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की बैठक चल रही थी जिसमें मंत्री धर्मेंद्र सिंह सहित अधिकारी , कर्मचारी मौजूद थे नगर के सुपर मार्केट की दुकानों में कई व्यापारी पानी की वजह से काफी परेशान रहे समाचार लिखे जाने तक बारिश का द्वोरा जारी था।

# गौ-शालाओं में व्यवस्थायें सुनिश्चित करें, गौ-वंश सड़क पर विचरण न करे

**दमोह।** वर्षाकाल में कोई भी गौवंश सड़क पर विचरण न करे इस हेतु उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग दमोह ने दिशा निर्देश जारी किये है। उन्होंने कहा है गौशाला में गौवंश को रखे जाने वाले शेडों की आवश्यक मरम्मत करायें कोई भी गौवंश बारिश के पानी में न भीगे। गौवंश के भरण पोषण हेतु पर्याप्त मात्रा में भूसा दाना की व्यवस्था, गौवंश को पीने के पानी की स्वच्छ व्यवस्था गौशाला में सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा गौशाला के गौवंश को बारिश में बाहर न रखें, गौशाला की सफाई के समय गौशाला के बाहर बाऊण्ड्री के भीतर ही रखें। गौशाला में पर्याप्त साफ-सफाई की व्यवस्था होनी चाहिये। गौशाला के गौवंश के सींगो में किसी एक रंग का रेडीयम लगायें जिससे उनकी पहचान सुनिश्चित हो सके, गौशाला एवं चारागाह की भूमि पर नीम एवं सूबबूल के 200 पौधे लगायें एवं इनकी पत्तियों गौवंश को खिलाई जाये।

## 14 जुलाई को होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक कन्यादान विवाह निकाह कार्यक्रम की बैठक संपन्न

# मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह निकाह योजना में बेहतर और सुदृढ व्यवस्था सुनिश्चित की जाए-राज्यमंत्री

**तेन्दूखेड़ा।** सोमवार को कृषि मंडी में प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह/निकाह योजना के तहत आयोजित बैठक में कहा यह हम सभी के लिए सौभाग्य की बात होगी की प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी हम सभी के बीच में आयेंगे। 14 जुलाई को होने वाले वैवाहिक कार्यक्रम में सभी व्यवस्थाए सुदृण और सुनिश्चित रहे, पुलिस की तदानुसार ड्यूटी लगाई जाए। यहाँ बड़ा और भव्य कार्यक्रम होना हैं। श्री लोधी ने कहा आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बरसात का मौसम है, तो थोड़ी चुनौतियां और ज्यादा होगी। इस आशय के विचार प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने आज तेंदूखेड़ा में मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह संबंधी बैठक के दौरान व्यक्त किये राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा इस अवसर पर लगभग 1932 जोड़ों के विवाह संपन्न होने जा रहे हैं, मैं मानता हूं कि यह प्रदेश का सबसे बड़ा आयोजन है, मुख्यमंत्री जी से भी बात हुई है, उनका आना प्रस्तावित है उन्होंने कहा वर-वधु को स्थल तक पहुंचाने हेतु मार्गो को चिन्हित किया जाए, मार्ग का नाम सूचना सहित जानकारी हेतु चस्पा की जाए, जो लोग बाहर से आ रहे हैं उन्हें पता होना चाहिए कि कहां जाना है। तारादेही तिराहा और बस स्टैंड पर पूछताछ केंद्र बनाए जाएं, यदि किसी को कोई दिक्कत है तो वहां से पूछताछ कर सकते हैं। राज्यमंत्री ने कहा पिछले वर्ष में दो बड़े विवाह सम्मेलन किए थे, एक सम्मेलन नोहटा में जिसमें 726 बेटियों के विवाह किए गए थे और दूसरा सम्मेलन तेंदूखेड़ा में किया गया था जिसमें 866 बेटियों के विवाह किए गए थे। राज्य मंत्री श्री लोधी ने कहा सम्मेलन के दौरान पंडाल व्यवस्था, पेयजल, भोजन, वर-वधु के तैयार होने के साथ बुनियादी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। इसके पूर्व बैठक में एसडीम अविनाश रावत ने वैवाहिक सम्मेलन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी और सम्मेलन को सुचारू रूप से संपन्न कराने की बात कही।जनपद सीईओ श्री बागरी ने सम्मेलन की व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर प्रभारी कलेक्टर श्री अर्पित वर्मा, अपर कलेक्टर मीना मसराम, एडिशनल एसपी संदीप मिश्रा, नगर परिषद अध्यक्ष श्री सुरेश जैन, तहसीलदार सोनम पांडे, रूपेश सेन, एसडीओपी श्री डीएस ठाकुर थाना प्रभारी फेमिदा खान जबेरा सीईओ रामेश्वर पटेल तेंदूखेड़ा सीईओ मनीष बागरी, ट्रैफिक सूबेदार दलवीर सिंह मार्को सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी गण तथा आम नागरिक मौजूद थे।



# स्थाई कर्मियों को दो माह से नहीं मिल रहा वेतन- संतोष सिंह

**दमोह।** मध्यप्रदेश स्थाई कर्मी कल्याण संघ दमोह जिला अध्यक्ष संतोष सिंह उर्फ बबलू ठाकुर जिला कार्यकारिणी ने श्रीमान वन मंडल अधिकारी महोदय को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया कि स्थाई कर्मियों को दो माह से नहीं मिल रही वेतन श्रीमान वन मंडल अधिकारी महोदय ने की भोपाल बात एक हफ्ते का दिया आश्वासन। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला अध्यक्ष संतोष सिंह उर्फ बबलू ठाकुर, उपाध्यक्ष संतोष खरे कार्यालय जिला, सचिव रूपनारायण विश्वकर्मा कोषाध्यक्ष रानू यादव सह सचिव जवाहर रैकवार प्रचार मंत्री मनोज रैकवार मनोज चौबे मुन्नी पटेल बडकुल खान मनोज शुक्ला कालका टंडन करन सिंग सिग्रामपुर पप्पू खान एवं सभी स्थाई कर्मी उपस्थित रहे।

# माझी समाज में प्रतिभाओं की कमी नहीं है : जयंत मलैया

## माझी समाज का प्रतिभा छात्र-छात्राएं सम्मान समारोह संपन्न

**दमोह।** माझी समाज जिला दमोह का प्रतिभावान छात्र-छात्राएं सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश सरकार के पूर्व वित्तमंत्री और दमोह विधायक जयंत मलैया, कार्यक्रम के अध्यक्ष भाजपा जिला महामंत्री रमन खत्री, मुख्य अतिथि भाजपा नगर अध्यक्ष पंडित मनीष तिवारी, विशिष्ट अतिथि आम चौपरा सरपंच जयपाल यादव, युवा नाट्य कर्मी अमरदीप जैन लालू रहे। सर्व प्रथम माझी समाज के आराध्य देव भगवान निषादराज केवटराज जी के चित्र के समक्ष पूजन अर्चन कर सम्मान समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस समाज के ग्रामीण जिला अध्यक्ष मोंटी रायकवार ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि दमोह जिले में पहली बार माझी समाज का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया इस आयोजन के पहले हमारी माझी समाज की प्रतिमा सम्मान समारोह नहीं यदि समाज की प्रतिभाओं को निखारना है तो इस तरह के आयोजन प्रतिवर्ष होने चाहिए। भाजपा जिला महामंत्री रमन खत्री ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मांझी समाज दमोह जिले में बढ़ी संख्या में निवास करती है। लेकिन आज तक माझी समाज को अधिकार नहीं मिला माझी समाज के कल्याण के लिए निरंतर प्रयास करूंगा इसमें कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष पंडित मनीष तिवारी ने कहा कि मांझी समाज को आरक्षण का लाभ नहीं मिला में देखता हूं कि कुछ जिलों में माझी समाज को आरक्षण का लाभ मिलता है यदि माझी समाज के लिए आरक्षण का लाभ मिलेगा तो माझी समाज की प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलेगा। प्रतिभा सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश सरकार के




पूर्व मंत्री और दमोह विधायक जयंत मलैया ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि माझी समाज सामाजिक और शैक्षणिक रूप से अपेक्षाकृत काफी पीछे है। माझी समाज में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। माझी समाज मेहनतकश समाज है। माझी समाज के खून खून ईमानदारी भरी हुई है। माझी समाज अपनी मेहनत पर कुछ भी कर सकतीं हैं। आज में आप सबके बीच में आया हूं इतना विश्वास ज़रूर दिलाता है कि दमोह जिले की माझी समाज की जो भी समस्या और दिक्कत होगी उसको हल करने का पूरा प्रयास करूंगा। अब में देख रहा हूं कि अब माझी समाज कि प्रतिभाएं भी निकल के आ रही है। इन प्रतिमाओं को मंच की आवश्यकता है आने वाले सालों में माझी समाज की प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जाएगा तो निश्चित रूप से माझी समाज की प्रतिभाएं निकल कर आगे आयेंगी।

## खबर संक्षेप

### चिन्हित जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का विशेषज्ञ द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण आज

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजनी जेम्स बेक ने बताया आज 09 जुलाई दिन मंगलवार को जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल हटा एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जटाशंकर (बीड़ी कालोनी) सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में विस्तारित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत समुदाय एवं संस्था स्तर पर चिन्हित उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण-जांच, समुचित उपचार सेवायें विशेषज्ञों द्वारा दी जायेगी। चिन्हित जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को स्त्री रोग विशेषज्ञ/दक्षता स्किल एम.ओ. द्वारा सेवायें दी जायेगी।

### खेत में काम करते समय करंट लगने से किसान की मौत

**तेंदूखेड़ा।** रविवार की शाम 4 बजे तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम इमलीडोल में एक किसान को अपने खेत में किसानी का काम करते समय करंट लगने से मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत इमलीडोल निवासी शोभा सिंह पिता भूरे सिंह लोधी उम्र 60 वर्ष अपने खेत में लाइट का सुधार कार्य कर रहा था। उसी समय शोभा सिंह को करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई वहीं खेत में मौजूद परिजनो ने देखा तो शोभा अपने खेत में पड़ा हुआ है। जहां घटना की जानकारी तेंदूखेड़ा पुलिस को दी गई जहां मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर पुलिस मामला दर्ज कर जांच में लिया है।


### पुराने ट्रांसफॉर्मर और केबल के भरोसे विद्युत सप्लाई, बार-बार हो रही गुल

# यह कैसा मेंटेनेंस : जरा सी आंधी और बारिश आने पर गुल हो जाती है बिजली

### मेंटेनेंस पर लाखों कर रहे खर्च, भगवान भरोसे चल रहा कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

मानसून पूर्व बिजली कंपनी ने नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत व्यवस्था दुरुस्त कर चुकी हैं। बावजूद नगर सहित ग्रामीण आबादी को घंटों बिजली कटौती का संकट झेलना पड़ता है। नगर और आसपास के क्षेत्रों में जरा सी आंधी तूफान बारिश के चलते विद्युत व्यवस्था ठप्प हो जाती है। कंपनी की नगर क्षेत्र में 11 केव्ही लाइने और 33 केव्ही लाइनें लगी है। विद्युत कंपनी के हजारो उपभोक्ता है, लेकिन लाइनमेनू कर्मचारियों की संख्या बढ़ने के बजाय समाप्त हो गई है । साथ ही केबिल खम्भों में लगे बॉक्स फाल्ट की वजह बन रहे है जिसके कारण 17-18 साल पुरानी लाईनों के तारों व ट्रांसफॉर्मर की देखरेख करना मुश्किल हो रहा है। कंपनी का दावा है कि बिल, नए कनेक्शन आदि सभी को ऑनलाइन कर दिया है। हकीकत ये है कि पुरानी लाईनों पर मामूली लोड आने, हवा आंधी चलने पर फाल्ट हो जाता है। आज भी कई ऐसे स्थान है, जहां सालों पुराने ट्रांसफॉर्मरों से ही विद्युत सप्लाई दी जा रही है। तेज धूप के बाद बारिश में पानी लगने व ओवरलोड होने पर इंसुलेटर, सर्किट सहित अन्य फाल्ट से जल जाते हैं। पुरानी विद्युत लाईनों को बदलने विभाग के पास बजट का अभाव है। कहीं भी लाईनों को बदलने व ट्रांसफॉर्मर बदलने की नौबत आती है, इसके लिए विभागीय औपचारिकताएं लंबी चलती है।



#### आउटसोर्स के भरोसे विभाग : सरकारी कर्मचारियों नही बचे

विद्युत वितरण कंपनी में स्थायी लाइनमेनों की संख्या धीरे-धीरे कम है। कोई भी शासकीय लाइनमैन नहीं बचा है नगर एवं ग्रामीण आबादी में विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने ला आउटसोर्स कर्मचारियों से काम कराना पड़ता है। विभाग में आज लाइनमेन के पद के कर्मचारी रिटायर्ड हो चुके हैं शासन स्तर पर स्थायी कर्मचारियों की नियुक्ति ना करने से विभागीय अधिकारी भी परेशान हैं। उन्हें लाईनों की मरम्मत करने के लिए आउटसोर्स कर्मचारियों के भरोसे रहना पड़ता है। बताया जाता है की आउटसोर्स में लगे कर्मचारियों की संख्या लगभग 30 है जो लाईनों में फाल्ट आने पर पहुंचकर सुधार कार्य करते है।

#### प्रपोजल बनाकर भेजे गए

प्रभारी सहायक यंत्री मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी तेंदूखेड़ा एम एफ अंसारी का कहना है कि नगर में जहां 11केवी ट्रांसफार्मर खराब नहीं है केबिल में जरूर प्रॉब्लम आ रहे हैं केबिल के एस्टीमेट प्रपोजल बनाकर भेजे गए हैं सेंट्रल का प्रोजेक्ट है जब वहां से पैसा आएगा तभी काम हो पाएगा मेरे द्वारा बहुत कार्य करा दिए गए हैं और आगे बहुत से काम होना है।

#### बिजली की समस्या से परेशान ग्राम सर्रा टूडा के निवासी



**तेंदूखेड़ा।** जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम सर्रा टूडा के निवासी विगत पांच माह से बिजली की समस्या से बहुत परेशान है इस समस्या के संबंध में बिजली विभाग के आला अधिकारियों को सूचित करने के बाद भी उनकी परेशानी हल नहीं हो रही है इसी संबंध में जय आदिवासी युवा शक्ति जयस द्वारा अनुविभागीय अधिकारी तहसील तेंदूखेड़ा सौपा गया। ग्राम वासियों का कहना है कि हम लोग विगत पांच माह से बिजली की समस्या से परेशान है लेकिन आज तक बिजली विभाग द्वारा हम लोगों की समस्या नहीं सुनी जिस ट्रांसफार्मर से हम लोगों को बिजली सप्लाई की जाती थी वह ट्रांसफार्मर बिजली विभाग द्वारा उठाकर ले गए हैं और उनके द्वारा कहा गया था कि एक सप्ताह के अंदर नया ट्रांसफार्मर रख दिया जाएगा। लेकिन पांच माह वीत जाने के बाद भी आज तक नया ट्रांसफार्मर नहीं रखा गया है जिसके कारण हम लोगों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जय आदिवासी युवा शक्ति जायस के प्रदेश संगठन मंत्री श्रीकांत सिंह पोरते ने बताया कि ग्राम सर्रा टूडा मैं आदिवासी समुदाय के लोग निवास करते है विगत पांच माह से बिजली की समस्या से बहुत परेशान है उनके द्वारा बिजली विभाग के अधिकारियों को इस समस्या के संबंध में अवगत कराने के बाद भी समस्या का हल नहीं किया गया। अगर बिजली विभाग द्वारा अति शीघ्र समस्या का निराकरण नहीं किया जाता है तो समस्त ग्रामवासियों द्वारा उग्र आंदोलन एवं धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बिजली विभाग द्वारा मनमानी तरीके से कार्य किया जा रहा है जबकि शासन द्वारा हर ग्रामीण क्षेत्रों में समय अनुसार बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। लेकिन दुर दराज क्षेत्र में निवास करने वाले हमारे आदिवासी समुदाय के लोगो के साथ बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा मनमानी तरीके से कार्य किया जा रहा है जो चिंताजनक है इसलिए इस संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है इसके बाद भी समस्या का निराकरण नहीं किया जाता है तो ग्राम वासियों के साथ मिलकर कोई ठोस कदम उठाया जाएगा इस अवसर पर विनोद सिंह, रूप सिंह, वीरेंद्र, विकास, सौरभ मरावी, नरेंद्र, गोपाल कुलस्ते, दिनेश पोरते, गिरधारी परस्ते, राजकुमार, तोफान, लाल सिंह, प्रेम सिंह आदि उपस्थित थे।

# शासकीय स्कूलों की व्यवस्था बदहाल

### माडल, एक्सीलेंस अतिथियों के भरोसे निजी शालाओं में मनमानी का आलम

**पटेरा।** कहने के लिये तो पटेरा तहसील मुख्यालय के नामी गिरामी शासकीय स्कूल में दोनो ही शालाओं में स्वीकृत पद से मात्र आधे ही शिक्षक पदस्थ है। दोनो ही स्कूल अतिथि शिक्षकों के भरोसे है। सी एम राईज माडल स्कूल में तो चयनित शिक्षक स्टाफ था पर वह भी स्थानांतरित हो गये। शाला खुले एक माह होने को है परंतु यहां महज 13 शिक्षक पदस्थ है जबकि जरूरत तीस की है। शेष पूर्ति अतिथियों के भरोसे चल रही है। अभी अतिथियों की व्यवस्था न होने से अनेक विषयों की पुस्तकें नहीं खुली। इस वर्ष यहां से कोई विद्यार्थी न प्रदेश की व न जिले को टॉप टेन सूची में स्थान नहीं पा पाया। एक बार पुनः अतिथी शिक्षकों के भरोसे है। एक्सीलेंस स्कूल के हाल और भी बेहाल है। यहां ग्यारह शिक्षक पदस्थ है। उनमें से भी दो तीन शिक्षकों का स्कूल पहुंचने का समय ही निश्चित नहीं है। इन हालातों में यहां का परीक्षा परिणाम भी प्रभावित हो रहा है। अतिथियों के भरोसे इस सत्र में क्या कुछ नया होगा को लेकर अभिभावक चिंतित तो है पर चुप्पी साधे है। निजी स्कूलों में मनमानी का आलम है पटेरा ऐसी तहसील है जहां निजी स्कूलों की भरमार है। यहां शिक्षक विभाग के अधिकारी भी निजी स्कूलों पर दबाव नहीं बना पाते व यहां कलेक्टर के आदेश का भी पालन नहीं हुआ है। कई निजी स्कूल संस्था से ही गणवेश बेग व पुस्तके मनमाने दामों पर अभिभावकों को उपलब्ध कराते रहे। कई स्कूलों में न प्रकाश की व्यवस्था है न खेलकूद की पर फिर भी साहब प्रसन्न है व मान्यता चल रही है। अभिभावक बच्चों को शिकायत का खामियाजा न भोगना पड़े की बात सोचकर चुप है। क्या वरिष्ठ अधिकारी इस ओर ध्यान देकर समुचित कार्यवाही करेंगे।

### ग्राम पंचायत ने कराई -नालियों की सफाई



**सिंग्रामपुर।** सिंग्रामपुर ग्राम में थोड़ी सी बारिश में ही -नालियां चोक होने की स्थिति बनने के बाद ग्रामीणों की मांग पर ग्राम पंचायत द्वारा -नालियों की सफाई कराई जा रही है। गौरतलब है कि सिग्रामपुर को बारिश होने पर नालिया चौक होने की वजह से मकानों में पानी घुसने की समस्या का सामना ग्रामीणों को करना पड़ता था जिसके चलते ग्राम पंचायत द्वारा नालियों की सफाई अभियान चलाया गया ताकि आगे वारिश में समस्या न आए। ग्राम पंचायत सिग्रामपुर सरपंच अजय गुड़िया सोनकर सचिव लाल चन्द राय ने बताया ग्राम में वारिश के पानी निकासी के लिए नालियों की साफ सफाई की जा रही है ताकि ग्राम वासियों को बारिश में समस्या का सामना न करना पड़े।

## पूर्व मंत्री मलैया ने पीजी कॉलेज में किया वृक्षारोपण



**दमोह।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण का कार्यक्रम विधायक एवं पूर्व मंत्री श्री जयंत कुमार मलैया के द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री मलैया ने कहा वृक्षारोपण वर्तमान समय की सबसे महत्वपूर्ण जरूरत है। मानव जिस धरती पर रहता है उसे उस घर पृथ्वी की सुरक्षा के लिए सजग और जागरूक होकर अपने कर्तव्यों का निर्वाह करते हुए एक नहीं बल्कि एक से अधिक वृक्षों का रोपण करना एवं उसकी सुरक्षा और पालन पोषण भी अनिवार्य रूप से करना हमारी जवाबदारी है। विधायक श्री मलैया ने युवा पीढ़ी को संदेश देते हुए कहा पर्यावरण के प्रति जागरूक करने की जिम्मेदारी युवा वर्ग को उठानी चाहिए। वही इस कार्यक्रम में उपस्थित जनभागीदारी अध्यक्ष डॉ विक्रांत सिंह चौहान द्वारा ग्लोबल वार्मिंग के खतरे से निपटने हेतु वृक्ष लगाना बहुत जरूरी बताया। उन्होंने कहा पेड़ हमें बीमारियों एवं महामारियों से मुक्ति दिलाने में कारगर होते है। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. पी.के. जैन के मार्गदर्शन में महाविद्यालय की सभागार में आयोजित किया गया जिसमें उपस्थित अतिथियों एवं महाविद्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं एन. एस.एस.के वॉलेंटियरों ने महाविद्यालय परिसर में विधायक श्री मलैया के नेतृत्व में 25 से भी अधिक पौधा रोपण किया। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. हरिओम दुबे द्वारा किया गया तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ जितेंद्र धाकड़ द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## त्रिदिवसीय 53 वें संभागीय खेलों का समापन

### सागर ने फुटबॉल के गोल्ड मैडल अपने नाम किए

**दमोह।** पीएम के.वि. दमोह में चल रहे त्रिदिवसीय 53 वें संभागीय खेल महोत्सव, जबलपुर संभाग (अंडर-14) और (अंडर-17) फुटबॉल (बालक-वर्ग), 2024-25 का रंगा-रंग समापन परंपरागत तरीके से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय विद्यालय संगठन के जबलपुर संभाग के असिस्टेंट कमिश्नर श्री हीरालाल जी रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्राचार्य श्री धर्मेन्द्र सिंह द्वारा अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। तत्पश्चात अंडर -14 और अंडर -17 फुटबाल के फ़ाइनल मैच खेले गए,जिनमें क्रमशः पीएम श्री के. वि. जीसीएफ क्रमांक -2 जबलपुर ने पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय एनके जे कटनी को 1-0 से एवं पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय सागर क्रमांक-1 ने पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय एनके जे कटनी को 2-0 से हराकर स्वर्णपदक जीते। विद्यार्थियों ने संगीतमय योग की लय-बद्ध तरीके से प्रस्तुति दी। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि असिस्टेंट कमिश्नर श्री हीरालाल जी ने सभी विजयी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए अन्य सभी खिलाड़ियों को भी प्रोत्साहित किया।उन्होंने खिलाड़ियों को अपनी शारीरिक एवं मानसिक क्षमता बढाकर अपने खेल में निरंतर सुधार का प्रयास करके खेल के सर्वोच्च शिखर पर पहुँचने हेतु प्रेरित किया। खेल महोत्सव की समाप्ति की घोषणा करके उन्होंने केंद्रीय विद्यालय संगठन जबलपुर संभाग का खेल-ध्वज मेजवान विद्यालय के प्राचार्यजी को सौपा। खेल महोत्सव के पर्यवेक्षक,श्री प्रवीण नायडू, प्राचार्य पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय टीएफआरआई, विभिन्न विद्यालयों एवं शहरों से आए हुए खेल विशेषज्ञों, चयनकर्ताओं तथा मैच रैफरियों की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में 12 शहरों के 14 विद्यालयों की 18 टीमों के 256 फुटबॉल खिलाड़ियों ने अपने 30 अनुरक्षकों के साथ अपने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया ।

### पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता



**बनवार।** वृक्षारोपण अभियान ₹एक पेड़ मां के नाम₹ हायर सेकेंडरी विद्यालय चोपरा छात्रों ने स्कूल परिसरमें पौधे लगाए। वन समिति अध्यक्ष मुन्नालाल सोनी की उपस्थिति में पौधे लगाकर छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता दिखाई। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हायर सेकेंडरी चोपरा स्कूल परिसर में विभिन्न प्रजातियां के पौधों का रोपण किया गया इस मौके पर प्राचार्य प्रेम प्रकाश अहिरवार सतीश कुमार दर्शन सिंह के साथ स्कूली छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी है पौधारोपण का संदेश दिया वन समिति अध्यक्ष मुन्नालाल सोनी ने छात्र-छात्राओं को पौधारोपण के अवसर पर पौधों को संरक्षित करने की शपथ दिलाई उन्होंने कहा पौधारोपण कार्यक्रम में छात्रों की भागीदारी ने न केवल पर्यावरण को हरा भरा बनाने में योगदान दिया, बल्कि उनमें पर्यावरणीय जिम्मेदारी की भावना भी जगाई। सही अर्थ में अभियान₹ की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## निर्यापक मुनि श्री अभय सागर जी की आज जबेरा में होगी आगवानी



**जबेरा ।** परम पूज्य 108 आचार्य श्री विद्यासागर जी मुनिमहाराज के परम शिष्य 108 निर्यापकाचार्य मुनि श्री अभय सागर जी मुनिमहाराज को जबेरा पधारने हेतु सकल दिगम्बर जैन समाज जबेरा की ओर से समाज के सदस्यों ने सोमवार की सुबह चौपरा पहुँचकर श्रीफल भेंट किया । जहां मुनिश्री की आहार चर्या भी सम्पन्न हुई एवम शाम को जबेरा की ओर चौपरा से विहार हुआ एवम रात्रि विश्राम जॉय विद्यालय कलेहरा में सम्पन्न हुआ। आज मुनिसंघ की जबेरा में भव्य मंगल आगवानी होगी। जिस की समाज की ओर से भव्य तैयारी की गई है जिसमे बैंड दल , ध्वज दल, एवम पाठशाला के भैया बहिन पाठशाला की वेशभूषा में , वही पुरुष सफ़ेद वस्त्र में एवम महिलाएं पीले वस्त्री में आगवानी हेतु पहुचेगी। उनकी आगवानी हेतु घर घर मे रंगोली सजाई गई है। श्रीफल भेंट करने हेतु जबेरा जैन समाज के प्रतिनिधि के रूप में अनिल जैन , विनोद मलैया, ब्रम्हचारी संदीप सिंघई, राजेश जैन, आनन्द जैन, सोनू जैन, कालू जैन , कल्पना चौधरी, रीना सिंघई सन्ध्यासिंघई , रानू जैन, मोंटू सिंघई, अक्षय चौधरी, अम्बर जैन,यश बजाज , श्रेयांश जैन, शरणं जैन इत्यादि शामिल थे।

### आचार्य श्री समयसागर जी महाराज ससंघ की हटा में हुई भव्य अगवानी....

# हटा में रहो धर्म को छोड़ो नहीं- आचार्य श्री समयसागर जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य परम पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज ससंघ का बुंदेलखंड की काशी हटा नगरी में भव्य मंगल प्रवेश हुआ ।इस अवसर पर आचार्य श्री ससंघ की गाजे बाजे के साथ भव्य अगवानी की गई ।मुख्य मार्ग से होते हुए आचार्य संघ श्री पारसनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर पहुंचा। आचार्य संघ( 24 पिच्छी )के साथ आर्यिकारत्न श्री तपोमति माताजी ससंघ (6 पिच्छी) का भी मंगल आगमन हुआ ।धर्म सभा आयोजित हुई जिसमें चारों जिनालय के प्रतिनिधि एवं विभिन्न नगरों से आए हुए श्रावकों ने श्रीफल अर्पित कर आचार्य श्री का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर आचार्य श्री समय सागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन देते हुए कहा सन 76--77 में आचार्य महाराज के साथ हम यहां आए हटा कई बार आए हैं। हटा कहते ही तालियां बजती हैं इसका मतलब हटा के प्रति आप लोगों का बहुत लगाव है। इससे भी ज्यादा लगाव प्रभु के प्रति होना चाहिए ।कोई बाधा नहीं हटा में रहो धर्म को छोड़ो नहीं ।और हटा पटेरा कुंडलपुर जहां आचार्य महाराज का बार-बार विहार होता था अनेक बार प्रवास यहां हुआ। अनेक ग्रंथों का यहां बैठकर के अनुवाद गुरुवर ने किया ।आज वर्तमान में वही वातावरण देखने को मिल रहा।40--45 साल पूर्व में जो हटा की स्थिति थी वह स्थिती हट गई एक नया देखने को मिल रहा। गुरुदेव का प्रभाव है उन्होंने यहां धर्म का सिंचन किया और सारे सारे वातावरण में धर्म को यहां तक ले आए ।प्रभु के सामने आत्म तत्व का चिंतन करने के लिए मनन करने के लिए मिला है ।धर्म का जो स्वरूप है वह इतना विराट है गणधर परमेष्ठी भी उसका कथन नहीं कर पाएंगे ऐसी प्रकृति है ।



आचार्य श्री ने प्रवचन देते हुए आगे कहा आत्मिक विकास के लिए आत्मगत परिणाम को निर्मल बनाने के लिए बहुत सारे साधन है और पुण्य के उदय में उन साधनों की उपलब्धि भी होती है ।किंतु उन साधनों का कौन कितना सदुपयोग कर रहा है इसको सोचने की बात है । ऐसे भी जीव है संसार में जिनके लिए पुण्य का उदय नहीं है उच्च कुल नहीं मिला है ।अहिंसा धर्म का क्या स्वरूप है यह ज्ञात नहीं है ।कर्मों का फल भोगने के लिए वह यत्र तत्र विचरण कर रहा है उन्होंने कहा कि विषयों की आकांक्षा के कारण ही उस जीव का पतन हो रहा है किंतु जिन्होंने पुरुषार्थ किया है जीवन में उसके लिए मोक्ष मार्ग की ओर साधन सामग्री उपलब्ध है। किंतु उस उपलब्ध साधन सामग्री का सदुपयोग यदि नहीं करता है तो उसका निश्चित रूप से पुनः पतन होना है। इस प्रकार कभी उत्थान होता है अपने निर्मल परिणामों के द्वारा किंतु तब पुण्य का उदय आ जाता है वैभव भी मिलता है किंतु वह वैभव से आकर्षित होकर के प्रभावित होकर के देव गुरु शास्त्र को ही भूल जाता है ।विडंबना है भूलना तो नहीं चाहिए किंतु भूलने वाला कौन सा तत्व है वह एकमात्र मोह है केंद्र में आठ कर्म है मोह प्रवृत्ति से भिन्न-भिन्न स्वभाव हैं आठ कर्मों में कोई राजा है तो मोहिनी कर्म है। ज्यों ही धर्म का आलंबन लेता है देव गुरु शास्त्र के शरण में चला जाता है उसका अतीत का सारा का सारा अर्जित पाप धुल जाता है प्रक्षालित हो जाता है ।देव शास्त्र गुरु के आलंबन से और देवगुरु शास्त्र का समागम मिलने के उपरांत भी जिसकी मति काम नहीं करती वह उसका सदुपयोग नहीं करता उस ज्ञान का भी दुरुपयोग करना प्रारंभ करता है क्यों होता है ऐसा गुरुदेव ने भी एक दोहा लिखा है। दोहा रख रहा हूं। ज्ञान दुख का मूल है और ज्ञान ही भव का फूल ।राग सहित प्रतिकूल है और राग रहित अनुकूल। रागान्वित जो ज्ञान है वह दुख के लिए कारण है। गर्त तक पहुंचाने में कारण पतन का कारण है ।राग रहित जो वीतराग विज्ञान है वह मोक्ष तक पहुंचने में समर्थ है ऐसा कहा है। कितने बार चतुर्थ काल मिला कितने बार साधुओं का समागम मिला कितने बार मनुष्य जीवन मिला कितने बार आर्यखंड में पैदा हुए जिसका कोई हिसाब नहीं न किताब है। किंतु वर्तमान में मोह का जो चक्र है वह बहुत भयानक है उस चक्र की चपेट में अच्छे-अच्छे व्यक्ति आते हैं।